# बौद्धिक संपदा में शीर्ष छह देशों में शामिल हुआ भारत

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** पिछले पांच सालों के दौरान दाखिल किए जाने वाले पेटेंट और औद्योगिक डिजाइनिंग फाइलिंग दोगुणी हो गई है और इस तरह भारत बौद्धिक संपदा के मामले में शीर्ष छह देशों में शामिल हो गया है। खास बात यह है कि पहली बार, भारत तीन मुख्य बौद्धिक संपदा (आइपी) अधिकारों यानी पेटेंट, औद्योगिक डिजाइन आवेदन और ट्रेडमार्क आवेदन में दुनिया के शीर्ष 10 देशों में शामिल हुआ है।

विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआइपीओ) की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत द्वारा दाखिल किए गए पेटेंट की संख्या 64,480 थी। पेटेंट फाइलिंग में देश की वृद्धि दर 2022 की तुलना में 15.7 प्रतिशत थी। 2023 में दुनियाभर में 35 लाख से अधिक पेटेंट दाखिल किए गए और यह लगातार चौथा वर्ष था जब वैश्विक पेटेंट फाइलिंग में वृद्धि हुई है। 2023 में सबसे ज्यादा 16.40 लाख पेटेंट चीन ने दाखिल किए। सबसे ज्यादा पेटेंट एशिया के देशों द्वारा दाखिल किए गए और वर्ष 2023 में वैश्विक पेटेंट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिजाइन फाइलिंग में एशिया की हिस्सेदारी क्रमशः 68.7 प्रतिशत, 66.7 प्रतिशत और 69 प्रतिशत रही है। बौद्धिक संपदा अधिकार मानक मस्तिष्क द्वारा सृजन को संदर्भित करता है। इसमें अविष्कार, साहित्यिक और कलात्मक कार्य, डिजाइन, प्रतीक, नाम और वाणिज्य के क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली छवियां शामिल हैं। डब्ल्यूआइपीओ की स्थापना 1967 में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के रूप में की गई थी। स्विट्जरलैंड के जिनेवा में इसका मुख्यालय है और इसका प्रमुख काम दुनियाभर में बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण को बढ़ावा देना है।

**5** वर्षों में दोगुणे हुए पेटेंट और औद्योगिक डिजाइनिंग दाखिल करने के आवेदन

**2023** में सबसे ज्यादा चीन ने दाखिल किए, वैश्विक सूची में अमेरिका दूसरे स्थान पर

**2023 में विभिन्न देशों द्वारा दाखिल किए गए पेटेंट**

| | |
|---|---|
| चीन | 16.40 लाख |
| अमेरिका | 5,18,364 |
| जापान | 4,14,413 |
| द. कोरिया | 2,87,954 |
| जर्मनी | 1,33,053 |
| भारत | 64,480 |